# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष (ग्यारहवीं कक्षा) परीक्षा, 2020 से संबंधित आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 18/2020**

एतद् द्वारा इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष (ग्यारहवीं कक्षा) परीक्षा, 2020 से संबंधित सभी +2 विद्यालय/सभी कोटि के महाविद्यालय के प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा, 2020 के आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) के अंकों की प्रविष्टि परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन माध्यम से कराये जाने की सूचना परिषद् के वेबसाइट पर जारी की गई थी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि कतिपय +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा अंकों की प्रविष्टि नहीं की गई है, जिससे ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा, 2020 से संबंधित छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल प्रभावित हो सकता है।

अत: सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि दिनांक 22.06.2020 तक आवश्यक रूप से कर लिया जाय। अन्यथा परीक्षाफल प्रभावित होने की सम्पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

साथ ही, परिषद् के वेबसाइट पर ऐसे छात्र/छात्राओं की सूची उपलब्ध है, जिनका विषय संशोधन उनके द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में किया गया है। यदि किसी छात्र/छात्रा का विषय संशोधन उनके द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के आलोक में नहीं हो सका है तो संबंधित +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य साक्ष्य के साथ परिषद् द्वारा संशोधित प्रवेश पत्र अविलम्ब परिषद् के ई-मेल आई.डी. correction.jac@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./-
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/गो./597/20-SECY/204/20,
Dt.- 16.06.2020
D.O.P- 17.06.2020